# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, नैनीताल

## पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा

**कार्यशाला सूचना**

विश्वविद्यालय द्वारा दो वर्ष की स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की अवधि अधिकतम 4 वर्ष है। वि0वि0 द्वारा पूर्व में पुनः पंजीकरण की व्यवस्था शिक्षार्थियों को दी गई थी जिसे आगामी सत्र जनवरी 2026 से समाप्त कर दिया गया है । ऐसे शिक्षार्थी जिनकी कोर्स पूर्ण करने की समयावधि सत्र जुलाई 2025 में पूर्ण हो गई है, उन सभी शिक्षार्थियों को वि0वि0 द्वारा अंतिम अवसर देते हुए 31 दिसम्बर 2025 तक बैक/ रजिस्ट्रेशन फर्म भरने का अवसर दिया गया।

उक्तानुसार जिन शिक्षार्थियों द्वारा पत्रकारिता एवं मीड़िया अध्ययन विद्याशाखा के अन्तर्गत संचालित स्नातकोत्तर कार्यक्रम एमएजेएमसी (MAJMC) में री-रजिस्ट्रेशन के माध्यम से बैक फार्म भरा गया है, उन सभी शिक्षार्थियों के भविष्य को देखते हुए पत्रकारिता विभाग द्वारा चार दिवसीय अनिवार्य शोध कार्यशाला का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है।

ऑनलाइन कार्यशाला दिनांक 06 जनवरी 2026 से 09 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन कार्यशाला में प्रतिभाग किए जाने हेतु शिक्षार्थियों को जूम लिंक उनके द्वारा विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराए गए मेल/दूरभाष के माध्यम से पृथक रूप में प्रेषित किया जायेगा।

अतः शिक्षार्थी सही समय पर प्रत्येक दिन अनिवार्य रूप से ऑनलाइन शोध कार्यशाला में प्रतिभाग करें।

Rayal 02/01/2026

प्रो.(डॉ.) राकेश चन्द्र रयाल
निदेशक
पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी, नैनीताल ।